UNIVERSITY NEWS 07 APRIL 2026

AMRIT VICHAR

लविवि : कम्प्यूटर विज्ञान में आठ नए पाठ्यक्रम शुरू

नए पाठ्यक्रमों में कुल 460 सीटों पर होंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उद्योग, प्रशासन, अनुसंधान और डिजिटल समाज की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप लखनऊ विश्वविद्यालय ने कुल आठ नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग इन शैक्षणिक कार्यक्रमों सत्र 2026-27 से आरंभ कर रहा है। इन कार्यक्रमों को शैक्षणिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया है जिसमें छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर लचीलापन, डेटा-संचालित निर्णय लेने, कनेक्टेड डिवाइस और उन्नत कंप्यूटिंग अनुप्रयोगों के युग के लिए तैयार किया जाएगा।

बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग, शासन, विनिर्माण, ई-कॉमर्स और सार्वजनिक सेवाओं पर होगा। बीसीए (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) साइबर अपराध, डेटा उल्लंघन, रैंसमवेयर हमले, पहचान की चोरी, डिजिटल धोखाधड़ी और ऑनलाइन निगरानी के बढ़ते खतरों के चलते सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में प्रशिक्षित साइबर सुरक्षा पेशेवरों पर है। इसी प्रकार बीसीए (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स), बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) स्मार्ट होम, स्मार्ट कृषि, स्मार्ट स्वास्थ्य सेवा, औद्योगिक स्वचालन, पर्यावरण निगरानी, पहनने योग्य उपकरण और बुद्धिमान शहरी अवसंरचना के प्रसार के साथ इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर आधारित है।

नए पाठ्यक्रम और सीटें

- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) बीसीए (एआई और एमएल) – 75 सीट
- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) बीसीए (सीएस और सीएफ) –75 सीट
- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स) बीसीए (डीएस और डीए) –75 सीट
- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) बीसीए (आईओटी)– 75 सीट
- मास्टर ऑफ साइंस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) एमएससी (एआई और मशीन लर्निंग)– 40 सीट
- मास्टर ऑफ साइंस (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स) एमएससी (डीएस)– 40 सीट
- मास्टर ऑफ साइंस (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) एमएससी (सीएस और सीएफ)– 40 सीट
- साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पीजीडीसीएस – 40 सीट

● उद्योग, प्रशासन, अनुसंधान और डिजिटल समाज की आवश्यकताओं पर आधारित है पाठ्यक्रम

AMAR UJALA

कंप्यूटर से जुड़े आठ नए कोर्स से खुलेंगी रोजगार की नई राहें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने पहली बार आठ नए कंप्यूटर आधारित कोर्स शुरु किए हैं, जो विद्यार्थियों को तेजी से बदलते तकनीकी दौर के अनुरूप तैयार करेंगे। इन कोर्सों का उद्देश्य उद्योग, प्रशासन, अनुसंधान और डिजिटल समाज की जरूरतों के मुताबिक कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। विश्वविद्यालय ने सभी कोर्सों के नाम और सीटों का विवरण जारी कर दिया है। साथ ही इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी शुरु हो चुकी है। (संवाद)

कोर्सवार मिलेगा ये लाभ

- **बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) - 75 सीटें :** यह कोर्स छात्रों को मशीन लर्निंग मॉडल, ऑटोमेशन और समस्या-समाधान की आधुनिक तकनीकों में मजबूत बनाता है, जिससे वे सॉफ्टवेयर और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में बेहतर अवसर पा सकेंगे।
- **बीसीए (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक) - 75 सीटें :** इस पाठ्यक्रम में साइबर अपराध, डेटा उल्लंघन, रैंसमवेयर हमले, पहचान की चोरी और डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने के साथ नेटवर्क सुरक्षा, एथिकल हैकिंग और डिजिटल जांच की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी।
- **बीसीए (डाटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स) - 75 सीटें :** छात्रों को डेटा प्रबंधन, विजुअलाइजेशन, सांख्यिकीय विश्लेषण और निर्णय लेने की तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा, जिससे वे डेटा साइंस और एनालिटिक्स के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।
- **बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) - 75 सीटें :** यह कोर्स सेंसर, एम्बेडेड सिस्टम, डिवाइस कम्युनिकेशन और ऑटोमेशन के जरिए सॉफ्टवेयर को भौतिक दुनिया से जोड़ने की समझ विकसित करेगा।
- **एमएससी (कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) - 40 सीटें :** यह स्नातकोत्तर कोर्स एआई के शोध, डिजाइन और उन्नत तकनीकों में विशेषज्ञता प्रदान करेगा।
- **एमएससी (डाटा साइंस और एनालिटिक्स) - 40 सीटें :** इससे छात्र अनुसंधान संगठनों, कॉर्पोरेट एनालिटिक्स टीमों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स में काम करने के लिए तैयार होंगे।
- **एमएससी (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक) - 40 सीटें :** पाठ्यक्रम के तहत साइबर जांच, जोखिम मूल्यांकन, डिजिटल साक्ष्य विश्लेषण और सुरक्षा परामर्श की गहन जानकारी दी जाएगी।
- **साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीसीएस) - 40 सीटें :** यह डिप्लोमा सूचना सुरक्षा, साइबर जागरूकता और डिजिटल जोखिम प्रबंधन में कॅरिअर बनाने वालों के लिए उपयोगी होगा।

" पहली बार शुरू हो रहे इन नए कोर्सों से छात्रों के लिए अधिक मांग वाले क्षेत्रों में मजबूत शैक्षणिक मार्ग और कॅरिअर के अवसर मिलेंगे।
- डॉ. पुनीत मिश्रा, विभागाध्यक्ष

TIMES OF INDIA

FOCUS ON STUDENTS' FUTURE

LU to launch 8 job-oriented courses

Times News Network

Lucknow: The department of computer science at Lucknow University has announced the launch of eight new career-oriented academic programmes from the 2026-27 session on its main campus.

These programmes are designed to align higher education with the rapidly evolving technological landscape and the emerging needs of industry, governance, research and the digital society, an official said.

The programmes include four BCA specialisations in AI and machine learning, cyber security and cyber forensics, data science and data analytics and IoT, each with 75 seats.

At the postgraduate level, MSc programmes in AI and machine learning, data science, cyber security and cyber forensics will have 40 seats each. A PG diploma in cyber security with 40 seats has also been introduced.

LU to launch new course in Indian culture

Times News Network

Lucknow: Lucknow University's department of ancient Indian history and archaeology will introduced a new diploma in Indian culture and heritage. The course will have an intake of 38.

The programme focuses on providing a comprehensive understanding of India's cultural traditions, historical developments, art forms and archaeological legacy. Along with lectures, students may take part in field visits to historical sites and museums, documentation of heritage structures, basic training in archaeological methods and project-based assignments.

Professor Anitya Gaurav said the diploma will create new opportunities for students interested in research, heritage management and cultural studies.

"The eligibility for admission is a PG degree in ancient Indian history. Selection will be based on an entrance test," he added.

HINDUSTAN TIMES

Lko univ to set up AI lab, start new tech courses

Godhooli Sharma
godhooli.sharma@htlive.com

The computer science department is being shifted to the ONGC building, where all courses will now be conducted in the vacant classrooms.

LUCKNOW : A first-of-its-kind dedicated Artificial Intelligence laboratory is set to be established at Lucknow University's old campus, likely by the end of April. The lab—'Green Skills and Applied Artificial Intelligence for Climate Actions'—will function under the university's computer science department and will be developed and operated in collaboration with 1M1B, a non-profit organisation, and Microsoft.

As part of the initiative, a hybrid boot camp is proposed to be conducted through the laboratory to support students from various disciplines in developing ideas aimed at climate resilience and improving quality of life. The facility will be equipped with a GPU, enabling advanced, high-tech research. Students will also receive training in electric vehicle design and manufacturing, along with work on various electronic devices, said Puneet Mishra, head of the computer science department.

In addition, a forensics laboratory will also be established where students will receive hands-on training to tackle issues such as cybercrime, data breach, ransomware attacks, identity theft, digital fraud and online surveillance.

"The department is also launching specialised programmes, including bachelor of computer application (BCA) courses in artificial intelligence and machine learning, cyber security and cyber forensics, data science and data analytics, internet of things, with 75 seats each. Additionally, MSc programmes in artificial intelligence and machine learning, cyber security and cyber forensics, data science and data analytics, along with a postgraduate diploma in cyber security, each with 40 seats, are set to commence from the next academic session," said Mishra.

He said the new courses are designed to align higher education with the fast-changing technology landscape and the emerging needs of industry, governance, research, and the digital society. They aim to prepare students for era of artificial intelligence, cyber resilience, data-driven decision-making, connected devices, and advanced computing applications.

The BCA (AI and ML) programme will help students build a strong foundation in intelligent systems, machine learning models, automation, and problem-solving methods central to modern software development and digital innovation. Meanwhile, the BCA (cyber security and cyber forensics) programme will offer both practical and conceptual understanding of network security, ethical hacking, digital investigation, cyber law awareness, incident response, and cyber forensics.

BCA (data science and data analytics) course is designed to train students in data handling, visualization, analytics, statistical reasoning, and computational decision support, making it highly useful in modern academic and industrial settings.

Meanwhile, the BCA (Internet of Things) programme will equip students with knowledge of connected systems, sensors, embedded applications, device communication, automation logic, and digital ecosystems that bridge the gap between software and the physical world. The department will also get APJ Abdul Kalam Centre for Innovation and Institute for Development of Advance Computing which are currently running under department of Physics.

LU vice-chancellor Prof JP Saini, said that the computer science department is being shifted to the ONGC building.

AMRIT VICHAR

आज से शुरू होगा विवि में योग सत्र

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग और फैकल्टी ऑफ योगा एण्ड अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आज मुख्य परिसर व नवीन परिसर में योगा सेशन का आयोजन किया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र -छात्राएं आदि निशुल्क रुप से भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

DAINIK JAGRAN

11 कोर्सों के प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 11 कोर्सो के प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम सोमवार को जारी किए। इनमें बीबीए एनईपी, एम.ए सोशियोलाजी, एम.ए ड्राइंग एंड पेंटिंग, एम.ए पर्शियन, एम.एससी माइक्रोबायोलाजी, एम.ए इकोनामिक्स, एमए एआइएच एक वर्षीय, एम.ए एआइएच ग्रुप ए,बी, बी.वाक रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलाजी व बी.वाक साफ्टवेयर डेवलपमेंट शामिल हैं। वि.

साइबर सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा में भी प्रवेश

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में नए सत्र से साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पीजीडीसीएस की भी शुरुआत की जाएगी। सोमवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी सूचना जारी की है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस डिप्लोमा कोर्स में 40 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। वि.

HINDUSTAN

वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बेंच अंडर लेंस कार्यक्रम के तहत संवैधानिक वाद-विवाद में 65 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षा विभाग में प्रतिभागियों ने गरिमा के साथ मृत्यु का अधिकार और न्यायिक पारदर्शिता जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर अपने तर्क प्रस्तुत किए। जिसमें छह प्रतिभागियों अमरकांत शर्मा, अक्सा, अश्विन, आर्यन भदौरिया, इशिता और आदित्य सिंह को सम्मानित किया।

DAINIK JAGRAN

वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सांस्कृतिकी की ओर से बेंच अंडर लेंस विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए। इसमें अमरकांत शर्मा, अक्सा, अश्विन, आर्यन भदौरिया, इशिता, आदित्य विक्रम सिंह विजेता बने। वि.

बीबीए, एमए समेत 11 पाठ्यक्रमों के नतीजे जारी

एलयू में 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के 11 पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। जिसे विद्यार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने अनुक्रमांक व जन्म तिथि के जरिए देख सकते हैं।

● लवि में योग सत्र, टैगोर लान, ओल्ड कैंपस, सुबह 5:30 से 6:30 बजे।